मध्यप्रदेश विधान सभा

जून - अगस्त, 1991 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 30 जुलाई, 1991 (श्रावण 8, 1913)

समय 10.30 बजे

1- प्रश्नोत्तर.

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2- नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण.

(1) सर्वश्री मोतीलाल वोरा, विश्वम्भरनाथ पाण्डेय, कमलेश्वर प्रसाद द्विवेदी, सदस्य, शासन द्वारा संग्रहीत तेन्दूपत्ता सही कीमत एवं मात्रा में नहीं बिक पाने से शासन को हो रही हानि की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रघुनन्दन शर्मा, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्राम दराना में बलात्कार पीड़ित आदिवासी महिला द्वारा आत्महत्या की घटना की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, सदस्य, बिलासपुर जिले के कोटा विधान सभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों में खाद्यान्न एवं खाद्य तेल की आपूर्ति न हो पाने की ओर राज्य मंत्री, खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री कन्हैयालाल ढोलेकर, सदस्य, बैतूल जिले के अनेक ग्रामों में घटित डकैती की घटनाओं की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

निर्धारित समय

3- शासकीय विधि विषयक कार्य.

2 घन्टे — श्री भेरूलाल पाटीदार, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश (लोक अभिकरणों के माध्यमों से) दीनदयाल अंत्योदय कार्यक्रम का कार्यान्वयन विधेयक, 1991 (क्रमांक 16 सन् 1991) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

4- नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा.

1 घन्टा 30 मिनिट — (1) बालाघाट जिले में नक्सलवादियों द्वारा की जा रही अपराधिक गतिविधियों के संबंध में सर्वश्री मोतीलाल वोरा, चन्द्रशेखर साहू सदस्य चर्चा उठायेंगे.

1 घन्टा — (2) प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में कृषकों को खाद एवं बीज उपलब्ध न हो पाने के संबंध में सर्वश्री शिवराज सिंह चौहान/राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल/नन्द किशोर खत्री/मदन लाल त्यागी सदस्य चर्चा उठायेंगे.

भोपाल :

दिनांक 29 जुलाई, 1991

विजेन्द्र मेहता
सचिव
मध्यप्रदेश विधान सभा